Edit with WPS Office

Sri Basava Seva Samiti(R) Ilkal

SRI BASAVA PUBLIC SCHOOL, ILKAL

यह सबसे कठिन समय नहीं

जया जादवानी

नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं!

अभी भी दबा है चिड़िया की

चोंच में तिनका

और वह उड़ने की तैयारी में है!

अभी भी झरती हुई पत्ती

थामने को बैठा है हाथ एक

अभी भी भीड़ है स्टेशन पर

अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है

गंतव्य तक

जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा

अभी भी कहता है कोई किसी को

जल्दी आ जाओ कि अब

सूरज डूबने का वक्त हो गया

अभी कहा जाता है

उस कथा का आखिरी हिस्सा

जो बूढ़ी नानी सुना रही सदियों से

दुनिया के तमाम बच्चों को

अभी आती है एक बस

अंतरिक्ष के पार की दुनिया से

लाएगी बचे हुए लोगों की खबर!

नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं।

Edit with WPS Office

यह सबसे कठिन समय नहीं

Q1 :

"यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

Solution :

यह बताने के लिए कवि ने निम्नलिखित तर्क दिए हैं-

(i) अभी भी चिड़िया की चोंच में तिनका दबा है।

(ii) एक हाथ झड़ती हुई पत्ती को थामने के लिए बैठा है।

(iii) अभी भी एक रेलगाड़ी गंतव्य तक जाती है।

(iv) कथा का अखिरी हिस्सा बूढ़ी नानी सुना रही है जिसमें अभी भी एक बस अंतरिक्ष के पार की दुनिया से बचे हुए लोगों की खबर लाएगी।

(v) अभी भी कोई किसी को कहता है कि जल्दी आ जाओ, सूरज डूबने का समय हो चला है।

Q2 :

चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

Solution :

सूरज डूबने ही वाला है और सूरज डूबने से पहले चिड़िया अपने लिए घोंसला बनाना चाहती है। इसलिए चिड़िया अपनी चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है।

Edit with WPS Office

Q3 :

कविता में कई बार 'अभी भी' का प्रयोग करके बातें रखी गई हैं, अभी भी का प्रयोग करते हुए तीन वाक्य बनाइए और देखिए उनमें लगातार, निरंतर, बिना रुके चलनेवाले किसी कार्य का भाव निकल रहा है या नहीं?

Solution :

(i) **अभी भी** सूरज डूबने में समय है।

(ii) कक्षा खत्म होने में **अभी भी** बहुत समय बाकी है।

(iii) **अभी भी** मेरा काम खत्म नहीं हुआ है।

ऊपर दिए गए तीनों वाक्यों में कार्य के निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया का भाव है।

Q4 :

"नहीं" और "अभी भी" को एक साथ प्रयोग करके तीन वाक्य लिखिए और देखिए 'नहीं' 'अभी भी' के पीछे कौन-कौन से भाव छिपे हो सकते हैं?

Solution :

(i) **नहीं, अभी भी** तुम्हारा काम अधूरा है।

(ii) **नहीं, अभी भी** स्कूल की छुट्टियाँ खत्म नहीं हुई है?

(iii) **नहीं, अभी भी** तुमने खाना नहीं खाया है।

(iv) इस साल समय पर वर्षा **नहीं** हुई है, किसान **अभी भी** बादलों को देख रहा है।

अभी भी, निरंतर चलने वाली प्रक्रिया का बोध कराता है तथा नहीं से कार्य के न होने का पता चलता है।